## कार्यपत्र-5

### समानार्थी और विलोम शब्द

**1. सही उत्तर पर ठीक ( ✓ ) का चिह्न लगाइए।**

(क) 'अंधकार' का विलोम शब्द होगा– (iv) प्रकाश ✓

(ख) 'घृणा' का समानार्थी शब्द कौन-सा है? (ii) नफरत ✓

(ग) 'कृत्रिम' का विलोम शब्द है – (ii) प्राकृतिक ✓

(घ) इनमें से 'घोड़ा' का समानार्थी शब्द नहीं है– (iv) दिवस ✓

(ङ) 'वरदान' का विलोम शब्द कौन-सा है? (ii) अभिशाप ✓

**2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) एक समान अर्थ प्रकट करने वाले शब्दों को समानार्थी शब्द कहते हैं। जैसे– अग्नि– आग, अनल, पावक।

(ख) शब्द भंडार में वृद्धि करने तथा भिन्न शब्दों के भिन्न अर्थों में प्रयोग को स्पष्ट करने के लिए भाषा में समानार्थी शब्द आवश्यक हैं।

(ग) एक-दूसरे का विपरीत अर्थ प्रकट करने वाले शब्दों को विलोम शब्द कहते हैं। जैसे– नया-पुराना, सच्चा-झूठा।

**3. कोष्ठक में दिए गए शब्दों के उचित समानार्थी शब्द से रिक्त स्थान भरिए।**

(क) तालाब में **मछली** तैर रही है। (मीन)

(ख) हमें **गाय** का दूध पीना चाहिए। (धेनु)

(ग) मुझे आसमान में उड़ते **पक्षी** अच्छे लगते हैं। (खग)

(घ) कल मैं अपनी **माता** से मिलने गया था। (जननी)

**4. वाक्यों में दिए रेखांकित शब्दों के उचित विलोम शब्दों से रिक्त स्थान भरिए।**

(क) सदैव **सच** बोलो झूठ नहीं।

(ख) खेल में हार और **जीत** तो लगी ही रहती है।

(ग) मेरा बैग **नया** है और तुम्हारा पुराना।

(घ) हमें उचित निर्णय लेना चाहिए **अनुचित** नहीं।

**5. दिए गए शब्दों के दो-दो समानार्थी शब्द लिखिए।**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | धन | दौलत | संपत्ति | (ख) सेवक | नौकर | दास |
| (ग) | गंगा | भागीरथी | मंदाकिनी | (घ) जंगल | विपिन | कानन |
| (ङ) | राजा | नृप | नरेश | (च) सेना | फ़ौज | दल |

**6. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) अनुकूल | × | प्रतिकूल | (ख) स्वाधीन | × | पराधीन |
| (ग) जीवन | × | मरण | (घ) उन्नति | × | अवनति |
| (ङ) यश | × | अपयश | (च) उतार | × | चढ़ाव |

# अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

**1. नीचे दिए गए अनेक शब्दों के लिए उचित एक शब्द चुनिए।**

(क) किसी की हँसी उड़ाना (ii) उपहास ✓

(ख) जिसे कभी बुढ़ापा न आए (iii) अजर ✓

(ग) शरण में आया हुआ (i) शरणागत ✓

(घ) जिसकी कीमत न लगाई जा सके (i) अमूल्य ✓

(ङ) दूसरों की आलोचना करने वाला (iv) आलोचक ✓

(च) जो साथ पढ़ता हो (ii) सहपाठी ✓

(छ) जो ईश्वर में विश्वास रखता हो (ii) आस्तिक ✓

(ज) जिसके माता-पिता न हों (ii) अनाथ ✓

(झ) जिस पुरुष की पत्नी जीवित न हो (iii) विधुर ✓

(ञ) जो पढ़ा जा सके (iii) पठनीय ✓

**2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग करने से भाषा संक्षिप्त, स्पष्ट और प्रभावशाली बन जाती है।

(ख) अनपढ़ – जो पढ़ा-लिखा न हो

कृतघ्न – जो किए उपकार को न माने

**3. दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।**

(क) जो विश्वास के योग्य हो — विश्वसनीय

(ख) जिसका सहायक कोई न हो — असहाय

(ग) जो ईश्वर में विश्वास न रखता हो — नास्तिक

(घ) दूसरों पर उपकार करने वाला — परोपकारी

(ङ) जिसने कोई अपराध न किया हो — निरपराधी

**4. नीचे दिए एक शब्द के लिए अनेक शब्द लिखिए।**

(क) दर्शनीय — जो देखने योग्य हो

(ख) दूरदर्शी — जो दूर की सोचे

(ग) छात्रावास — छात्रों के रहने का आवास

(घ) सत्यवादी — सदा सत्य बोलने वाला

(ङ) कामचोर — काम से जी चुराने वाला

**5. नीचे दिए गए संकेतों के आधार पर शब्द-सीढ़ी पूरी कीजिए।**

(क) जिसके आने की तिथि न हो


(ख) छोटा भाई

(ग) जो कभी बूढ़ा न हो

(घ) जो संभव न हो सके

(ङ) कठिनाई से प्राप्त होने वाला

(च) जिसका आचरण अच्छा न हो




## अनेकार्थी शब्द

**1. दिए गए शब्दों के अनुचित अर्थ को पहचानकर रेखांकित कीजिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) तीर | (i) | **नगीना** | (ख) भेद | (iv) | **ठोस** |
| (ग) अंक | (i) | **कामदेव** | (घ) पत्र | (iii) | **अंतर्देशीय** |
| (ङ) पतंग | (iii) | **चंद्रमा** | (च) गुण | (iii) | **पूज्य** |
| (छ) पट | (i) | **वर्ण** | (ज) पानी | (i) | **पर्वत** |
| (झ) उत्तर | (iii) | **नगीना** | (ञ) कनक | (ii) | **पीतल** |

**2. नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) ऐसे शब्द जिनके एक से अधिक अर्थ हों, वे अनेकार्थी शब्द कहलाते हैं।

(ख) कामदेव, कार्य, नौकरी, संबंध

**3. वाक्यों में दिए गए रेखांकित शब्दों के अर्थ लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) उसने प्रश्न का सही उत्तर दिया। | **जवाब** |
| मेरा घर उत्तर में है। | **एक दिशा** |
| (ख) हमें अपने भाग को नहीं कोसना चाहिए। | **भाग्य** |
| उसने सामान में से अपना भाग निकाल लिया। | **हिस्सा** |
| (ग) मैं उसके मन में छिपा भेद जानकर रहूँगा। | **रहस्य** |
| सर्वनाम शब्द के कुल छह भेद हैं। | **प्रकार** |
| (घ) मैंने गणित का प्रश्न हल किया। | **समाधान** |
| किसान खेत में हल चला रहा है। | **खेत जोतने का यंत्र** |
| (ङ) मुझे प्यास लगी है पानी दे दो। | **जल** |
| मोती का पानी उतर गया। | **मान** |
| (च) उन्होंने अपना कर ऊपर उठाकर आशीर्वाद दिया। | **हाथ** |
| हमें समय पर कर का भुगतान करना चाहिए। | **टैक्स** |

**4. दिए गए शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए।**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | धन | संपत्ति | योग | (ख) | वर्ग | चौकोर | जाति |
| (ग) | फल | परिणाम | खाने वाला फल | (घ) | कुल | वंश | सब |
| (ङ) | निशान | चिह्न | यादगार | (च) | अर्थ | धन | मतलब |
| (छ) | मत | मत-पत्र | राय | | | | |

## समरूपी भिन्नार्थक शब्द

**1. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) ऐसे शब्द जो ध्वनि की दृष्टि से मिलते-जुलते हों, परंतु उनकी वर्तनी तथा अर्थ अलग-अलग होते हैं, वे समरूपी भिन्नार्थक शब्द कहलाते हैं। जैसे– ग्रह-नक्षत्र, गृह-घर।

(ख) समरूपी भिन्नार्थक शब्दों में हम अंतर स्पष्ट इसलिए नहीं कर पाते क्योंकि ध्वनि की दृष्टि से ये मिलते-जुलते लगते हैं।

**2. दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए।**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | कपट | – | छल | (ख) | अंक | – | गोद |
| | कपाट | – | द्वार | | अंग | – | शरीर का भाग |
| (ग) | गृह | – | घर | (घ) | अन्न | – | अनाज |
| | ग्रह | – | नक्षत्र | | अन्य | – | दूसरा |
| (ङ) | पवन | – | हवा | (च) | तरणी | – | नौका |
| | पावन | – | पवित्र | | तरुणी | – | युवती |
| (छ) | बलि | – | भेंट | (ज) | चरम | – | अंतिम |
| | बली | – | बलवान | | चर्म | – | चमड़ा |
| (झ) | अकथ | – | जो कहा न जा सके | (ञ) | उभय | – | दोनों |
| | अथक | – | बिना थके | | अभय | – | निडर |

**3. कोष्ठक में से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए।**

(क) सुबह से तेज **पवन** चल रही है। (पवन/पावन)

(ख) पार्क के सामने कूड़े का **अंबार** लगा है। (अंबर/अंबार)

(ग) एक **कंगाल** व्यक्ति मेरे द्वार पर आकर खड़ा हुआ। (कंकाल/कंगाल)

(घ) मेरे घर के **कपाट** खुले हुए हैं। (कपाट/कपट)

(ङ) वैद्य जी ने रोगी को **उपयुक्त** उपाय बताया। (उपयुक्त/उपर्युक्त)

**4. दिए गए शब्दों के उचित अर्थ गोले में से ढूँढ़कर लिखिए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | योग्य | = | कुशल |
| | योग | = | मेल |
| (ख) | कटि | = | कमर |
| | कीट | = | कीड़ा |
| (ग) | चिर | = | पुराना |
| | चीर | = | वस्त्र |
| (घ) | अविलंब | = | शीघ्र |
| | अवलंब | = | सहारा |
| (ङ) | अपेक्षा | = | आशा |
| | उपेक्षा | = | तिरस्कार |
| (च) | शर | = | बाण |
| | सर | = | तालाब |

मेल बाण

आशा कुशल कीड़ा

कमर शीघ्र पुराना तालाब

वस्त्र तिरस्कार सहारा